Title: Need for conversion of Achalpur-Matizapur-Yawatmal narrow gauge rail line into broad gauge in Maharashtra.

श्री अनन्त गुढे (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में स्वतंत्रता के 52 वर्षों बाद भी कई रेल लाइनें ब्रिटिश कम्पनी चला रही है। ऐसी ही एक नैरो गेज लाइन महाराष्ट्र राज्य के अचलपुर, मुर्तजापुर यवतमाल इलाकों में चल रही है। 1996 में इस प्रस्ताव को रेल विभाग ने और मान्यता प्रदान की। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि इस नैरो गेज रेल लाइन को ब्रॉड गेज बनाया जाए। दिल्ली, मद्रास और मुम्बई जाने के लिए अमरावती-नरखेड रेल लाइन को जोड़ा जाए। अचलपुर से चांइर बाजार को भी जोड़ा जा सकता है जो केवल 23 किलोमीटर है। कृपया जल्द से जल्द इस रेल लाइन को ब्रॉड गेज बनाएं।